प्रेषक,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
औरेया, कानपुर देहात, कुशीनगर, कौशाम्बी, गोण्डा,
चंदौली, पीलीभीत, बुलन्दशहर, बिजनौर, लखीमपुरखीरी,
ललितपुर, सुल्तानपुर एवं सोनभद्र

संख्याः एम0ई0–2/2023/ 915 लखनऊः दिनॉक 29 अप्रैल, 2023

विषयः केन्द्र सहायतित योजना फेज–3 के अर्न्तगत संचालित 13 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयो यथा– औरेया, कानपुर देहात, कुशीनगर, कौशाम्बी, गोण्डा, चंदौली, पीलीभीत, बुलन्दशहर, बिजनौर, लखीमपुरखीरी, ललितपुर, सुलतानपुर एवं सोनभद्र में चिकित्सा शिक्षकों के चयन/नियुक्त किये जानें हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि बढ़ाये जानें के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि केन्द्र सहायतित योजना फेज–3 के अर्न्तगत 13 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों यथा– औरेया, कानपुर देहात, कुशीनगर, कौशाम्बी, गोण्डा, चंदौली, पीलीभीत, बुलन्दशहर, बिजनौर, लखीमपुरखीरी, ललितपुर, सुलतानपुर एवं सोनभद्र के सुचारू संचालन एवं एल0ओ0पी0 की अनुमति प्राप्त किये जानें हेतु नियमित संकाय सदस्यों के चयन/नियुक्ति किये जानें के संबंध में विज्ञापन संबंधित प्रधानाचार्यों द्वारा प्रकाशित कराये गये हैं।

संबंधित प्रधानाचार्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये सूचना के आधार पर पाया गया है कि उक्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या कम है तथा कतिपय विभागों के पदों को छोड़कर अधिकांश पदों के सापेक्ष 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं। जिससे उक्त पदों को भरनें में समस्या हो सकती है। उल्लेखनीय है कि फैकल्टी के अभाव में संबंधित कालेजो की एल0ओ0पी0 की मान्यता प्राप्त किये जानें में भी व्यवहारिक कठिनाई होगी।

अतएव उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में अपने–अपने कालेजों में चिकित्सा शिक्षकों के पदों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति को दिनॉक 15.05.2023 तक विस्तारित किये जानें के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करनें का कष्ट करें।

भवदीया

(किंजल सिंह)
महानिदेशक

संख्याः एम0ई0–2/2023/ तद्दिनॉक

प्रतिलिपि, प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(किंजल सिंह)
महानिदेशक